Expert Team on Irrigation Projects

1131. { **Shri Subodh Hansda:**
Shri S. C. Samanta:
Shri B. K. Das:
Shri M. L. Dwivedi:
Shri Surendra Pal Singh:
Shri R. S. Pandey: }

Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have appointed expert team to find out the bottlenecks in construction of irrigation projects;

(b) if so, what are the reasons for slow progress of construction;

(c) whether the Committee have visited all the States; and

(d) whether they have submitted any report?

The Minister of State in the Ministry of Irrigation and Power (Shri Alagesan): (a) Yes.

(b) and (c). The team has so far visited only the Maharashtra State: Visits to other States will be undertaken by the team on receipt of data on the pro formae prescribed for the purpose.

(d) Report will be submitted by the team on completion of the study.

दिल्ली में बिजली द्वारा दाह-संस्कार की मशीन

११३२. { **श्री म० ला० द्विवेदी :**
श्री स० चं० सामन्त :
श्री ब० कु० दास :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री : }

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि बिजली द्वारा दाह संस्कार करने वाली मशीन जो दिल्ली नगर पालिका ने दो वर्ष पूर्व एक लाख रुपये की लागत पर क्रय की थी, जंग खा रही है ;

(ख) इस मशीन को न लगाने व प्रयोग में न लाने के क्या कारण हैं ;

(ग) दिल्ली नगर निगम ने इस मशीन को लेने से क्यों इंकार कर दिया ;

(घ) इस मशीन के रखने के स्थान का किराया क्या निगम चुका रहा है, यदि नहीं, तो अभी तक कितना बकाया है ; और

(ङ) इस मशीन को यथास्थान लगाने व उसके अनुरूप काम लेने अथवा इस मशीन को बेच देने आदि प्रश्नों का कब तक निबटारा हो जायेगा ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी नहीं, यह मशीन अच्छी हालत में है ।

(ख) यह मशीन अभी तक इसलिये नहीं लगाई जा सकी क्योंकि इसके लगाने के लिये उपयुक्त दाह संस्कार भवन नहीं बनाया गया था । अब एक उपयुक्त डिजाइन तैयार कर दिया गया है ।

(ग) यह मशीन जो नई दिल्ली नगर-पालिका ने ली थी, दिल्ली नगर निगम ने उसकी लागत पर ही उनसे अप्रैल, १९६० में ले ली है ।

(घ) नई दिल्ली नगरपालिका से इस मशीन के रखने के स्थान के किराया के बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है किन्तु नगर निगम को हाल ही में ४३२० रुपये के बिल मिले हैं जिन पर वे विचार कर रहे हैं ।

(ङ) दाह संस्कार के लिए भवन का एक प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है और उस पर निगम की स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है । समुचित स्वीकृति के पश्चात् निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ।